रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1836] नई दिल्ली, मंगलवार, मई 22, 2018/ज्येष्ठ 1, 1940
No. 1836] NEW DELHI, TUESDAY, MAY 22, 2018/JYAISTHA 1, 1940

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 मई, 2018

का.आ.2031(अ).—अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारुप, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, और यह सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देने का इच्छुक है, वह विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, अपनी आपत्ति या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को या ई-मेल esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकता है।

प्रारूप अधिसूचना

राजाजी राष्ट्रीय उद्यान देश के उत्तरी भाग में अक्षांश 29° 51'उ से 30°15' उ और देशांतर 77°52'पू से 77°22'पू के बीच स्थित है। यह राष्ट्रीय उद्यान शिवालिक पारिस्थितिकी प्रणाली का उत्कृष्ट प्रतिनिधित्व करता है। वैज्ञानिक संरक्षण का इसका इतिहास देश में सबसे पुराना है। राजाजी राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखंड के तीन जिलों अर्थात् देहरादून, पौड़ी गढ़वाल और हरिद्वार में शिवालिक पर्वत श्रृंखला में स्थित है जो हिमालय के दक्षिण में समानांतर जाती है। शिवालिक पहाड़ियों और इस क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता की सुरक्षा और संरक्षण की तात्कालिकता और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 5440/XIV-3-84/76 दिनांक 12.8.1983 के द्वारा वर्ष 1983 में तीन अभयारण्य अर्थात् "राजाजी राष्ट्रीय उद्यान" विद्यमान हैं। राजाजी राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्रफल **819.54** वर्ग किलोमीटर है और अक्षांश 29°51' उ-30°15' उ और देशांतर 77° 52' पू -77°22 पू के बीच स्थित है। राजाजी राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्र उत्तराखंड के तीन जिलों में अर्थात् देहरादून, हरिद्वार और पौड़ी गढ़वाल के अंतर्गत आता है। राजाजी राष्ट्रीय उद्यान

को अंततः उत्तराखंड सरकार की अधिसूचना सं. 3807/X-2-2013-19(7) 2002 दिनांक 14 सितंबर, 2013 के द्वारा से अधिसूचित किया गया है।

और, राजाजी राष्ट्रीय उद्यान को अधिसूचना सं.130/X-2-2015-19(1)201, दिनांक 18 अप्रैल, 2015 द्वारा राजाजी बाघ रिजर्व घोषित किया गया। कुल **1075.17** वर्ग किलोमीटर क्षेत्र कोर राजाजी बाघ रिजर्व के रुप में घोषित किया गया है। कोर जोन में सम्पूर्ण राजाजी राष्ट्रीय उद्यान 819.54 वर्ग किलोमीटर है। बफर जोन का क्षेत्रफल 255.63 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें आरएनपी के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक आरक्षित वन खंड (बिजनी बीट), हरिद्वार वन संभाग के श्यामपुर श्रेणी का भाग और लैंसडाउन वन संभाग का लालढंग एवं कोटद्वार रेंज शामिल है।

और, राष्ट्रीय उद्यान में जीवजन्तुओं की विविधता है जिसमें स्तनधारियों की लगभग 23 प्रजातियां और पक्षियों की 315 प्रजातियां पाई जाती है। गंगा नदी ने दो अलग भागों में उद्यान का विभाजन किया: चिला और गोहरी रेंज का पूर्वी भाग लगभग 250 वर्ग किलोमीटर है और हरिद्वार, धौलखंड, बेरीवारा, चिलावाली, मोतीचूर, कंसारु और रामगढ़ रेंज का पश्चिमी भाग लगभग 569.54 वर्ग किलोमीटर है। राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के निर्माण के बाद से इसके संरक्षण की यात्रा बहुत चुनौतीपूर्ण रही है। उद्यान देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश जैसे बड़े शहरों और कई छोटी और मध्यम मानव बस्तियों, औद्योगिक क्षेत्रों और व्यावसायिक संस्थानों जैसे समूह आवास, आश्रम, होटल और रिजाट्र्स से घिरा हुआ है। उद्यान से गुजरने वाले रेखीय संरचनाओं जैसे राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे ट्रैक, बिजली और सिंचाई चैनलों ने वन्यजीव पर्यावास को विखंडित कर दिया है, जो संरक्षण के लिए और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है।

और, राजाजी राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखंड के देहरादून वन संभाग, लैंसडाउन वन संभाग, हरिद्वार वन संभाग, नरेंद्र नगर वन संभाग और शिवालिक वन संभाग से घिरा हुआ है। राजाजी राष्ट्रीय उद्यान और इन वन संभागों के बीच कई वन्यजीव गलियारे विद्यमान हैं। कुछ प्रमुख वन्यजीव गलियारें कांसरू-बरकोट, चिला-मोतीचूर, मोतीचूर-गोहरी और रावासन-सोनादी लैंसडाउन वन संभाग से होते हुए जाते हैं। इस प्रकार, इन क्षेत्रों में राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के आसपास के क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदी जोन घोषित करने की जरुरत है।

और, राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के आसपास पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बनाने का मुख्य उद्देश्य कुछ प्रकार के शोक अवशोषक बनाना है जो कम सुरक्षा वाले क्षेत्रों में उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों से संक्रमण क्षेत्र के रूप में कार्य करे। पारिस्थितिकी संवेदी जोन के क्रियाकलाप मुख्य तथा नियामक प्रकृति के होगें। पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बनाने का आशय स्थानीय समुदाय के दिन-प्रतिदिन के क्रियाकलापों को बाधित करना नहीं है बल्कि धारणीय विकास के माध्यम से जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ावा देना है।

और, राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा-1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी, पर्यावरण और जैव विविधता की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की उपधारा (1) तथा धारा 3 की उपधारा (2) एवं उपधारा (3) के खंड (v) और खंड (xiv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, देहरादून में राजाजी राष्ट्रीय उद्यान और राजाजी बाघ रिर्जव, की सीमा के चारों ओर 10 किलोमीटर तक हरिद्वार और उत्तरप्रदेश के जिले के पौड़ी में राजाजी राष्ट्रीय उद्यान और राजाजी बाघ रिर्जव के रूप में विस्तारित क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा**--(**1**) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान और राजाजी बाघ रिजर्व के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार शून्य से (अंतरराज्य सीमा के कारण) से 10 किलोमीटर तक फैला हुआ है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 372.18 वर्ग किलोमीटर है जिसमें वन भूमि 255.63 वर्ग किलोमीटर और गैर वन भूमि 116.55 वर्ग किलोमीटर है।

(2) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान और राजाजी बाघ रिजर्व की सीमा का वर्णन **उपाबंध I** में दिया गया है।

(**3**) अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध II- क-घ** के रुप में संलग्न है। दून घाटी पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध II- ङ** में है।

(4) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के भू-निर्देशांक और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सारणी **क और ख** के **उपाबंध III** में दिया गया है।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** के रुप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.–(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना बनायेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी ।

(3) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को शामिल करने के लिए इसे राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगा, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;

(ii) शहरी विकास;

(iii) ग्रामीण विकास;

(iv) पर्यटन, कृषि;

(v) बागवानी;

(vi) लोक निर्माण;

(vii) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्व आदि।

इस योजना को अंतिम रूप देने से पहले स्थानीय जन प्रतिनिधियों की सहमति भी प्राप्त की जाएगी।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हें अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों की बहाली, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का निर्धारण किया जाएगा तथा सहायक मानचित्र भी दिया जाएगा। इस महायोजना में विद्यमान और प्रस्तावित भू- उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देने वाले मानचित्र भी दिए जाएंगे।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और सारणी 4 में यथासूचीबद्ध प्रतिषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिकी अनुकूल विकास और स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करते हुए विनियमित होगी ।

(10) अनुमोदित आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(ख) परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथालागू केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग,

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग तथा पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, स्थानीय सुविधाएं तथा ग्रह वास; और

(v) बढ़ावा दिए गए और पैरा-4 में उल्लिखित क्रियाकलाप।

(ग) परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुज्ञात नहीं होगा।

(घ) परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी ।

(ड.) परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा ।

(च) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण तथा पर्यावासों और जैव- विविधता की बहाली के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत-** आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए योजना शामिल की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों में या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिकी पर्यटन –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन सम्बंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुज्ञात होगा ।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी ।

(घ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे:-

(i) राष्ट्रीय उद्यान/बाघ रिजर्व की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिजार्ट का नया सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। तथापि, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए राष्ट्रीय उद्यान/बाघ रिजर्व की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजार्टों की स्थापना अनुज्ञात की जाएगी।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल/रिजार्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत –** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति- क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन बनाए गए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के अनुसार किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण का निवारण एवं नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधो और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्रावों का निस्सारण, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अन्तर्गत शामिल किए गए पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण संबंधी साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों के अनुसार किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट -**ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रंबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन-** जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रंबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय- समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **सड़क-यातायात:-** सड़क-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे। आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार सड़क-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण:-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा। स्वच्छतर ईंधन जैसे कि सीएनजी, एलपीजी आदि के प्रयोग के प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां:-** (i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी।

(ii) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण:-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

(ख) जिन ढ़लानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन ।	(क) स्थानीय निवासियों की वास्तविक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किए जाने वाले क्रियाकलापों, जिनमें घरों के निर्माण या मरम्मत और मकान बनाने एवं अन्य क्रियाकलापों के लिए देशी टाइलें या ईटें बनाने हेतु जमीन की खुदाई शामिल है, को छोडकर सभी नई और वर्तमान (लघु एवं वृहद खनिज) पत्थर खोदने एवं तोडने वाली ईकाइयां तत्काल प्रभाव से निषिद्ध की जाती हैं ; (ख) खनन क्रियाकलाप, टी.एन. गोदावर्मन थिरूमलपाद बनाम भारत संघ के मामले में वर्ष 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं 202 में दिनांक 4 अगस्त, 2006 तथा गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में वर्ष 2012 की रिट याचिका(सिविल) सं. 435 में दिनांक 21 अप्रैल, 2014 के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार किए जाएंगे।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी। जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को

		प्रोत्साहन दिया जाएगा।
3.	बड़ी ताप एवं जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नई आरा मिलों की स्थापना और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्ठों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
ख. विनियमित क्रियाकलाप		
8.	होटलों और रिजॉर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टो की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी। परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।
9.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: (ख) परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी :- (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण करना; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण करना; (iii) फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार गैर- प्रदूषणकारी लघु उद्योगों की स्थापना; (iv) ग्रामीण उद्योगों सहित कुटीर उद्योगों, सुविधा भण्डारों और ग्रह वास सहित पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक स्थानीय सुविधाओं की व्यवस्था; और

		(v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध बढ़ावा दिए गए क्रियाकलाप । (ख) परन्तु गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ग) एक किलोमीटर क्षेत्र से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
10.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों तथा पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाने वाले परिसंकटमय लघु और सेवा उद्योगों, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होगी।
11.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई की अनुज्ञा नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
12.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों (एनटीएफपी) का संग्रह ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
13.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
14.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था।	यह व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
15.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण करना।	ये कार्य लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ किये जाएंगे।
16.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उड़ाना आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
17.	पहाड़ी ढलानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
18.	रात्रि में सड़क यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
19.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
20.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

	फार्मों की स्थापना ।	
21.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
22.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक प्रयोग एवं निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
23.	कृषि या अन्य प्रयोग के लिए खुले कुएं/ बोर कुएं आदि का निर्माण ।	समुचित प्राधिकारी द्वारा विनियमित किया जाएगा तथा क्रियाकलाप की सख्त निगरानी की जाएगी।
24.	ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
26.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	प्लास्टिक के थैलों का प्रयोग।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर पॉलिथीन बैग के उपयोग की अनुमति होगी परन्तु यह विशिष्ट आवश्यकता के आधार पर लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
28.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
29.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
30.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	बागबानी और औषधीय पौधों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. निगरानी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की प्रभावी निगरानी के लिए एक मानीटरी समिति गठित करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:--

1.	आयुक्त गढ़वाल	अध्यक्ष;
2.	निदेशक राजाजी राष्ट्रीय उद्यान	सदस्य;
3.	जिलाधिकारी देहरादून/हरिद्वार/पौड़ी	सदस्य;
4.	वन्यजीव वार्डन राजाजी बाघ रिजर्व	सदस्य;
5.	उत्तराखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून का प्रतिनिधि	सदस्य;
6.	मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
7.	गैर-सरकारी संगठनों (विरासत संरक्षण सहित पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय) का एक प्रतिनिधि, जिसे राज्य सरकार द्वारा नामित किया जायेगा	सदस्य;
8.	राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाने वाला जैव विविधता का एक विशेषज्ञ	सदस्य;
9.	राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाने वाला पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण क्षेत्र का एक विशेषज्ञ	सदस्य;
10.	वन उपसंरक्षक/उप निदेशक राजाजी राष्ट्रीय उद्यान	सदस्य सचिव।

6.विचारार्थ विषय:-

(1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और इसके बाद निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) निगरानी समिति वास्तविक विशिष्ट दशाओं के आधार पर उन क्रियाकलापों की संवीक्षा करेगी जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्तर्गत आते हैं। इनमें वे क्रियाकलाप शामिल नहीं हैं जो इस अधिसूचना के पैरा 4 में दी गई सारणी में यथा विनिर्दिष्ट हैं तथा जिन्हे केन्द्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

(4) वे क्रियाकलाप, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अंतर्गत नहीं आते हैं, परन्तु जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंर्तगत आते हैं, उनकी, इस अधिसूचना के पैरा-4 में दी गई सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, वास्तविक स्थल विशिष्ट दशाओं के आधार पर, निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जायेगी और उन्हें संबंधित विनियामक प्राधिकरणों को भेजा जायेगा।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबंधित आयुक्त या संबंधित कार्य प्रभारी इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करने वाले किसी व्यक्ति के विरुद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अंतर्गत शिकायत दर्ज करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को प्रत्येक मामले में आवश्यकता अनुसार अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध IV** में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा.सं. 25/48/2017-ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध ।

राजाजी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा का विवरण

उत्तरी सीमा: अशरोरही, मोहम्दपुर, मोहाबेवाला की बाहरी पूर्वी सीमा, फन्दोवाला, बलिन्दावाला, अमसोत, झबरावाला, बहेरा और बनबाहा 4 की कम्पार्टमेंट सं. 6 के साथ अशरोरही रिजर्व खण्ड की स्तम्भ सं. 34 से आरम्भ होती है, और गंगा नदी के कम्पार्टमेंट सं. 2 के रायवाला और सुसवा रिजर्व वन की बाहरी उत्तरी सीमा के साथ जाती है; इसके बाद गोहरी श्रेणी की सीमा कन्थावाला, मझारा की पश्चिमी बाहरी सीमा के साथ और जोंक चक तक गंगा नदी के तट के साथ जाती है; इसके बाद जोंक तट और बिदासनी वन खण्ड की सीमा के साथ जाती है और इसके बाद नदी के मध्य के साथ बिदासनी कम्पार्टमेंट सं. 1 में स्तम्भ सं. 1 जाती है।

पूर्वी सीमा: गंगा के तट के कम्पार्टमेंट सं. 1 बिदासनी के स्तम्भ सं. 1 से आरंभ होती है, बिधासनी, दुगाद्दा, अमगाद्दी, लुनी के रिजर्व वन खण्ड की बाहरी पूर्वी सीमा और रवासन रिजर्व वन खण्ड के कम्पार्टमेंट संख्याओं 1,6,7,5,2, और 3 की बाहरी सीमाओं के साथ मुड़कर और बिंदु की ओर जाती है जहाँ रवासन नदी कोटद्वार-चिला वन मोटर सड़क को पार करती है।

दक्षिणी सीमा: उस बिंदु से आरंभ होती है जहाँ रवासन नदी कोटद्वार-चिला वन मोटर सड़क को पार करती है, चांदी घाट के लुनी, मुण्डल और हज़ारा के रिजर्व वन खण्डों की दक्षिणी बाहरी सीमा के साथ जाती है; इसके बाद दुधिया रिजर्व वन खण्ड की वन सीमा स्तम्भ सं. 7 के गंगा नदी के साथ और इसके बाद दुधिया खण्ड की दक्षिणी और पश्चिमी बाहरी सीमा के साथ और हरीपुर कलन रिजर्व वन खण्ड की दक्षिणी सीमा के साथ उत्तर की ओर मुड़ती है जहाँ यह खरखरी रिजर्व वन खण्ड की बाहरी सीमा, मायापुर, रानीपुर, रवली, चिर्राक, हरनोल, घोलना, तीरा (तीरा तुंगया व्यवस्था को छोड़कर), सेनधली, रसुलपुर (रसुलपुर तुंगया व्यवस्था को छोड़कर), गंजारवन, तकरकोट, बनियावाला, और ललवाला की रिजर्व वन खण्डों की बाहरी सीमा वन सीमा स्तम्भ सं. 635 पर समाप्त होती है।

पश्चिमी सीमा: ललवाला वन खण्ड की वन सीमा स्तम्भ सं. 635 से आरंभ होकर उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश की अंतरराज्य सीमा के साथ उत्तर की ओर मुड़ती है, यह राष्ट्रीय राजमार्ग 72क तक मिलती है; इसके बाद राजमार्ग के साथ शिवालिक श्रेणी तक जाती है; इसके बाद अशरोरही रिजर्व वन खण्ड के बाहरी सीमा के साथ स्तम्भ सं. 24 तक जाती है; इसके बाद अशरोरही कम्पार्टमेंट सं. 5क और 5ख की सीमा के साथ स्तम्भ सं. 34 तक जाती है।

उपाबंध ।।क

उत्तराखण्ड में राजाजी राष्ट्रीय उद्यान का स्थानिक मानचित्र



S. No.	Protected Area	Area (km²)
National Parks		
1	Corbett	520.82
2	Gangotri	2390.02
3	Govind	558.88
4	Nanda Devi	624.6
5	Rajaji	819.54
6	Valley of Flowers	87.5
	Total	**5,001.36**
Wildlife Sanctuaries		
7	Askot Musk Deer	600
8	Binsar	45.59
9	Govind	481.05
10	Kedarnath	975.2
11	Mussoorie	10.82
12	Nandhaur	269.96
13	Sonanadi	301.18
	Total	**2,683.80**
Conservation Reserves		
14	Asan Wetland	4.44
15	Jhilmil Jheel	37.84
16	Pawalgarh	58.25
17	Naina Devi	111.92
	Total	**212.45**
	Grand total	**7,897.61**

उपाबंध -।।ख

मुख्य स्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का गूगल चित्र



उपाबंध -III ग

मुख्य स्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध -IIघ

भारतीय के सर्वेक्षण (एस ओ आई) टोपोशीट पर मुख्य स्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध –II

दून वेली पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध-III

सारणी क: राजाजी राष्ट्रीय उद्यान/बाघ रिजर्व के मुख्य स्थानों के अक्षांश-देशांतर

विवरण	देशांतर	अक्षांश	विवरण_01
1	77° 57' 50.297" पू	30° 14' 14.763" उ	उद्यान
2	77° 58' 35.689" पू	30° 14' 47.845" उ	उद्यान
3	78° 1' 22.233" पू	30° 14' 59.271" उ	उद्यान
4	78° 2' 26.681" पू	30° 12' 59.234" उ	उद्यान

5	78° 2' 36.669" पू	30° 13' 8.651" उ	उद्यान
6	78° 5' 25.673" पू	30° 10' 22.255" उ	उद्यान
7	78° 3' 58.802" पू	30° 10' 10.749" उ	उद्यान
8	78° 6' 22.342" पू	30° 7' 38.768" उ	उद्यान
9	78° 7' 16.450" पू	30° 6' 50.575" उ	उद्यान
10	78° 8' 39.958" पू	30° 5' 13.830" उ	उद्यान
11	78° 11' 44.750" पू	30° 4' 0.544" उ	उद्यान
12	78° 12' 13.459" पू	30° 4' 20.541" उ	उद्यान
13	78° 14' 54.121" पू	30° 2' 9.108" उ	उद्यान
14	78° 15' 15.450" पू	30° 2' 47.270" उ	उद्यान
15	78° 17' 42.646" पू	30° 5' 19.930" उ	उद्यान
16	78° 17' 35.310" पू	30° 6' 0.301" उ	उद्यान
17	78° 18' 19.128" पू	30° 6' 7.438" उ	उद्यान
18	78° 18' 40.058" पू	30° 7' 10.162" उ	उद्यान
19	78° 19' 57.796" पू	30° 7' 57.165" उ	उद्यान
20	78° 22' 34.356" पू	30° 6' 51.680" उ	उद्यान
21	78° 21' 13.877" पू	30° 6' 8.761" उ	उद्यान
22	78° 20' 35.541" पू	30° 6' 7.205" उ	उद्यान
23	78° 20' 16.616" पू	30° 5' 25.976" उ	उद्यान
24	78° 19' 59.906" पू	30° 5' 30.622" उ	उद्यान
25	78° 19' 54.944" पू	30° 5' 14.754" उ	उद्यान
26	78° 20' 9.308" पू	30° 3' 39.741" उ	उद्यान
27	78° 20' 45.793" पू	30° 3' 22.173" उ	उद्यान
28	78° 20' 36.418" पू	30° 2' 35.522" उ	उद्यान
29	78° 20' 29.021" पू	30° 2' 2.942" उ	उद्यान
30	78° 20' 8.376" पू	30° 1' 24.221" उ	उद्यान
31	78° 20' 15.654" पू	30° 1' 10.818" उ	उद्यान
32	78° 19' 5.007" पू	29° 59' 49.022" उ	उद्यान
33	78° 19' 22.291" पू	29° 59' 51.508" उ	उद्यान
34	78° 19' 19.132" पू	29° 59' 5.839" उ	उद्यान
35	78° 19' 55.610" पू	29° 58' 21.827" उ	उद्यान
36	78° 19' 20.957" पू	29° 58' 4.967" उ	उद्यान
37	78° 21' 30.653" पू	29° 55' 49.633" उ	उद्यान
38	78° 22' 19.916" पू	29° 54' 48.074" उ	उद्यान
39	78° 22' 11.741" पू	29° 53' 49.532" उ	उद्यान

40	78° 23' 37.274" पू	29° 52' 30.633" उ	उद्यान
41	78° 21' 53.838" पू	29° 50' 54.586" उ	उद्यान
42	78° 19' 46.252" पू	29° 51' 1.203" उ	उद्यान
43	78° 16' 17.363" पू	29° 53' 52.887" उ	उद्यान
44	78° 16' 22.618" पू	29° 55' 30.768" उ	उद्यान
45	78° 14' 36.523" पू	29° 55' 27.761" उ	उद्यान
46	78° 12' 36.848" पू	29° 56' 51.149" उ	उद्यान
47	78° 10' 39.082" पू	29° 56' 45.873" उ	उद्यान
48	78° 12' 35.513" पू	29° 58' 40.353" उ	उद्यान
49	78° 12' 44.491" पू	30° 0' 1.775" उ	उद्यान
50	78° 11' 18.361" पू	30° 0' 46.181" उ	उद्यान
51	78° 10' 21.142" पू	29° 58' 24.799" उ	उद्यान
52	78° 9' 53.307" पू	29° 57' 10.190" उ	उद्यान
53	78° 8' 18.723" पू	29° 56' 17.262" उ	उद्यान
54	78° 6' 7.169" पू	29° 57' 16.303" उ	उद्यान
55	78° 2' 42.004" पू	29° 59' 47.519" उ	उद्यान
56	78° 1' 59.244" पू	30° 0' 0.296" उ	उद्यान
57	78° 2' 9.655" पू	30° 0' 13.914" उ	उद्यान
58	78° 1' 16.365" पू	30° 0' 24.815" उ	उद्यान
59	78° 0' 42.912" पू	29° 59' 50.067" उ	उद्यान
60	77° 59' 2.224" पू	30° 0' 51.143" उ	उद्यान
61	77° 58' 18.822" पू	30° 1' 37.178" उ	उद्यान
62	77° 58' 34.427" पू	30° 1' 59.366" उ	उद्यान
63	77° 55' 10.957" पू	30° 4' 55.116" उ	उद्यान
64	77° 55' 52.887" पू	30° 6' 0.600" उ	उद्यान
65	77° 52' 42.703" पू	30° 8' 27.788" उ	उद्यान
66	77° 54' 2.233" पू	30° 10' 10.834" उ	उद्यान
67	77° 53' 51.147" पू	30° 10' 22.026" उ	उद्यान
68	77° 54' 56.542" पू	30° 11' 28.069" उ	उद्यान
69	77° 55' 10.453" पू	30° 12' 36.894" उ	उद्यान
70	77° 57' 23.191" पू	30° 14' 24.789" उ	उद्यान

सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य स्थानों के अक्षांश-देशांतर

विवरण	देशांतर	अक्षांश	विवरण_01
1	78°22' 39.861" पू	30°7' 50.104" उ	पारिस्थितिकी-जोन
2	78°22' 48.682" पू	30°8' 24.066" उ	पारिस्थितिकी-जोन
3	78°23' 37.685" पू	30°7' 48.157" उ	पारिस्थितिकी-जोन
4	78°23' 21.359" पू	30°8' 19.870" उ	पारिस्थितिकी-जोन
5	78°22' 50.020" पू	30°8' 55.398" उ	पारिस्थितिकी-जोन
6	78°24' 19.819" पू	30°10' 10.655" उ	पारिस्थितिकी-जोन
7	78°26' 5.305" पू	30°9' 42.671" उ	पारिस्थितिकी-जोन
8	78°24' 39.847" पू	30°9' 32.114" उ	पारिस्थितिकी-जोन
9	78°25' 58.449" पू	30°8' 32.729" उ	पारिस्थितिकी-जोन
10	78°27' 53.328" पू	30°7' 26.357" उ	पारिस्थितिकी-जोन
11	78°27' 39.984" पू	30°6' 52.094" उ	पारिस्थितिकी-जोन
12	78°27' 13.458" पू	30°6' 29.714" उ	पारिस्थितिकी-जोन
13	78°27' 11.495" पू	30°5' 55.608" उ	पारिस्थितिकी-जोन
14	78°27' 25.996" पू	30°5' 34.536" उ	पारिस्थितिकी-जोन
15	78°27' 15.372" पू	30°4' 7.708" उ	पारिस्थितिकी-जोन
16	78°25' 53.575" पू	30°4' 13.753" उ	पारिस्थितिकी-जोन
17	78°25' 4.031" पू	30°5' 44.007" उ	पारिस्थितिकी-जोन
18	78°23' 42.563" पू	30°6' 10.861" उ	पारिस्थितिकी-जोन
19	78°24' 13.162" पू	30°5' 3.833" उ	पारिस्थितिकी-जोन
20	78°23' 24.141" पू	30°4' 34.706" उ	पारिस्थितिकी-जोन
21	78°22' 30.421" पू	30°4' 37.674" उ	पारिस्थितिकी-जोन
22	78°21' 45.412" पू	30°5' 49.732" उ	पारिस्थितिकी-जोन
23	78°20' 36.719" पू	30°4' 58.076" उ	पारिस्थितिकी-जोन
24	78°20' 1.260" पू	30°0' 1.808" उ	पारिस्थितिकी-जोन
25	78°23' 54.108" पू	29°54' 2.977" उ	पारिस्थितिकी-जोन
26	78°24' 55.355" पू	29°52' 44.465" उ	पारिस्थितिकी-जोन
27	78°25' 6.509" पू	29°50' 59.415" उ	पारिस्थितिकी-जोन
28	78°27' 13.682" पू	29°50' 53.790" उ	पारिस्थितिकी-जोन
29	78°27' 48.996" पू	29°49' 34.082" उ	पारिस्थितिकी-जोन
30	78°30' 52.128" पू	29°48' 5.520" उ	पारिस्थितिकी-जोन
31	78°31' 46.235" पू	29°49' 8.868" उ	पारिस्थितिकी-जोन
32	78°33' 50.409" पू	29°46' 42.390" उ	पारिस्थितिकी-जोन
33	78°32' 30.077" पू	29°45' 18.222" उ	पारिस्थितिकी-जोन
34	78°27' 38.061" पू	29°47' 39.123" उ	पारिस्थितिकी-जोन
35	78°25' 32.420" पू	29°47' 3.969" उ	पारिस्थितिकी-जोन
36	78°22' 55.762" पू	29°47' 39.914" उ	पारिस्थितिकी-जोन
37	78°23' 33.539" पू	29°46' 5.919" उ	पारिस्थितिकी-जोन

38	78°18' 39.954" पू	29°51' 3.455" उ	पारिस्थितिकी-जोन
39	78°15' 10.155" पू	29°48' 45.355" उ	पारिस्थितिकी-जोन
40	78°17' 25.098" पू	29°52' 5.450" उ	पारिस्थितिकी-जोन
41	78°12' 36.551" पू	29°50' 35.066" उ	पारिस्थितिकी-जोन
42	78°10' 38.023" पू	29°54' 6.946" उ	पारिस्थितिकी-जोन
43	78°10' 32.903" पू	29°56' 42.893" उ	पारिस्थितिकी-जोन
44	78°8' 7.688" पू	29°55' 45.697" उ	पारिस्थितिकी-जोन
45	77°58' 32.761" पू	29°59' 25.301" उ	पारिस्थितिकी-जोन
46	77°59' 33.558" पू	29°59' 57.172" उ	पारिस्थितिकी-जोन
47	77°58' 10.105" पू	30°0' 53.150" उ	पारिस्थितिकी-जोन
48	77°57' 30.290" पू	29°59' 47.389" उ	पारिस्थितिकी-जोन
49	77°56' 52.172" पू	29°59' 59.782" उ	पारिस्थितिकी-जोन
50	77°57' 57.035" पू	30°1' 6.639" उ	पारिस्थितिकी-जोन
51	77°57' 30.652" पू	30°2' 5.060" उ	पारिस्थितिकी-जोन
52	77°56' 45.225" पू	30°0' 34.662" उ	पारिस्थितिकी-जोन
53	77°56' 13.058" पू	30°1' 9.971" उ	पारिस्थितिकी-जोन
54	77°56' 47.830" पू	30°2' 33.691" उ	पारिस्थितिकी-जोन
55	77°56' 16.979" पू	30°1' 53.056" उ	पारिस्थितिकी-जोन
56	77°56' 44.988" पू	30°2' 47.808" उ	पारिस्थितिकी-जोन
57	77°55' 39.541" पू	30°3' 52.421" उ	पारिस्थितिकी-जोन
58	77°55' 16.230" पू	30°3' 19.919" उ	पारिस्थितिकी-जोन
59	77°54' 57.652" पू	30°6' 0.546" उ	पारिस्थितिकी-जोन
60	77°52' 21.878" पू	30°8' 0.027" उ	पारिस्थितिकी-जोन

उपाबंध IV

राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

आई डी	वी_ओ डी ई	एस ई टी टी	देशांतर	अक्षांश
1	वी-22	कौवाला	77° 54' 44.487" पू	30° 5' 21.680" उ
2	वी-23	बुगावाला	77° 54' 34.515" पू	30° 5' 10.267" उ
3	वी-24	हरीपुर	77° 54' 49.304" पू	30° 4' 58.977" उ
4	वी-25	लालवाला	77° 56' 16.182" पू	30° 3' 18.734" उ
5	वी-26	बंदारजुद	77° 56' 23.439" पू	30° 3' 8.988" उ
6	वी-27	रसूलपुर तंगिया	77° 57' 50.603" पू	30° 2' 33.274" उ
7	वी-28	रसूलपुर	77° 57' 51.734" पू	30° 2' 24.505" उ
8	वी-29	दलुवाला	77° 57' 42.842" पू	30° 1' 34.834" उ
9	वी-30	दलुवाला (शिखोन का तंदा)	77° 57' 51.147" पू	30° 1' 25.581" उ
10	वी-31	कालातिरा	77° 59' 15.025" पू	30° 0' 29.234" उ
11	वी-32	तिरा	77° 59' 42.624" पू	30° 0' 40.191" उ

12	वी-33	तंदा	78° 0' 43.921" पू	29° 59' 19.774" उ
13	वी-34	रामनगर	78° 7' 58.699" पू	29° 55' 51.962" उ
14	वी-35	ऋषिकुल	78° 8' 41.569" पू	29° 56' 10.425" उ
15	वी-36	लोधामंडी	78° 8' 45.176" पू	29° 56' 34.637" उ
16	वी-37	देवपुरा	78° 8' 53.294" पू	29° 56' 26.495" उ
17	वी-38	मायापुर	78° 9' 12.073" पू	29° 56' 19.808" उ
18	वी-39	हरीद्वार	78° 9' 35.598" पू	29° 56' 52.287" उ
19	वी-40	लालजीवाला	78° 10' 36.626" पू	29° 57' 19.627" उ
20	वी-41	खारखरी	78° 10' 30.306" पू	29° 58' 8.135" उ
21	वी-42	भोपतवाला कलान	78° 10' 43.759" पू	29° 58' 33.597" उ
22	वी-43	दुदबिया बंध	78° 11' 2.374" पू	29° 58' 30.074" उ
23	वी-44	भापतवाला खुर्द	78° 11' 11.254" पू	29° 59' 22.596" उ
24	वी-45	हरीपुर खुर्द	78° 11' 39.587" पू	29° 59' 10.189" उ
25	वी-46	हरीपुर कलान	78° 11' 55.021" पू	29° 59' 45.342" उ
26	वी-47	परदुनी	78° 11' 35.365" पू	30° 0' 21.835" उ
27	वी-48	आर्यानगर	78° 18' 0.472" पू	29° 52' 16.923" उ
28	वी-49	रसूलपुर गोत	78° 18' 27.480" पू	29° 51' 57.246" उ
29	वी-50	रासिलपुर	78° 18' 17.267" पू	29° 51' 37.541" उ
30	वी-51	लालधंग	78° 19' 0.837" पू	29° 51' 10.074" उ
31	वी-52	गिंथला	78° 32' 9.766" पू	29° 48' 8.228" उ
32	वी-53	खाला	78° 31' 28.445" पू	29° 48' 0.872" उ
33	वी-54	तछयाली	78° 32' 9.185" पू	29° 48' 35.542" उ
34	वी-55	सुन्दरी थोक	78° 31' 23.061" पू	29° 48' 14.180" उ
35	वी-56	बिसतानकताल	78° 27' 12.290" पू	29° 50' 24.911" उ
36	वी-57	उलियाल वाला	78° 23' 15.338" पू	29° 53' 17.082" उ
37	वी-58	बेसनपुर	78° 23' 31.140" पू	29° 53' 25.937" उ
38	वी-59	मितामी	78° 22' 47.880" पू	29° 53' 56.563" उ
39	वी-60	गराकोट	78° 22' 27.466" पू	29° 54' 20.807" उ
40	वी-61	नलीखेत	78° 22' 22.436" पू	29° 54' 28.431" उ
41	वी-62	धारकोट	78° 22' 48.064" पू	29° 55' 19.794" उ
42	वी-63	कताल	78° 22' 6.131" पू	29° 55' 32.695" उ
43	वी-64	भावंसी	78° 21' 26.727" पू	29° 55' 57.281" उ
44	वी-65	उलीयाल	78° 20' 51.858" पू	29° 56' 38.026" उ
45	वी-66	जोगीयानु	78° 21' 7.828" पू	29° 57' 3.908" उ
46	वी-67	भुमरीयासरी	78° 20' 28.836" पू	29° 57' 24.804" उ
47	वी-68	बनस मल्ला	78° 20' 45.657" पू	29° 57' 34.386" उ
48	वी-69	कसानी	78° 20' 15.860" पू	29° 57' 32.880" उ
49	वी-70	बासनखाल	78° 19' 49.701" पू	29° 57' 51.293" उ
50	वी-71	दुमगांव	78° 19' 40.414" पू	29° 57' 56.528" उ
51	वी-72	सिमलखेत	78° 19' 59.055" पू	29° 57' 56.350" उ

52	वी-73	कन्दाखोल	78° 20' 23.415" पू	29° 58' 9.671" उ
53	वी-74	पुरानोन पाखोन	78° 19' 56.737" पू	29° 58' 58.339" उ
54	वी-75	अमकातल	78° 20' 0.404" पू	29° 59' 13.384" उ
55	वी-76	सन्सपुरी	78° 20' 3.917" पू	29° 59' 42.023" उ
56	वी-77	नलानी	78° 19' 35.009" पू	30° 0' 7.358" उ
57	वी-78	बनदारा	78° 19' 48.035" पू	30° 0' 13.930" उ
58	वी-79	सतराक	78° 20' 3.463" पू	30° 0' 7.406" उ
59	वी-80	बुकन्दी	78° 20' 27.242" पू	30° 0' 33.456" उ
60	वी-81	बेलवाला	78° 19' 55.934" पू	30° 0' 39.218" उ
61	वी-82	सिलकोली	78° 20' 8.730" पू	30° 0' 53.528" उ
62	वी-83	तेरोन	78° 20' 34.567" पू	30° 1' 13.989" उ
63	वी-84	सायानार	78° 20' 16.487" पू	30° 1' 23.622" उ
64	वी-85	घोरकातोल	78° 20' 56.401" पू	30° 1' 19.879" उ
65	वी-86	धौनसन	78° 20' 52.564" पू	30° 1' 47.452" उ
66	वी-87	बिनदयाखेत	78° 20' 55.827" पू	30° 2' 23.308" उ
67	वी-88	मंडी	78° 21' 11.827" पू	30° 2' 29.624" उ
68	वी-89	जुलेदी	78° 21' 0.928" पू	30° 3' 9.813" उ
69	वी-90	दिउली	78° 21' 6.771" पू	30° 3' 39.655" उ
70	वी-91	बन्सटोला	78° 20' 47.314" पू	30° 3' 38.796" उ
71	वी-92	खारगोशा	78° 20' 32.549" पू	30° 3' 49.970" उ
72	वी-93	कुथार	78° 20' 48.503" पू	30° 4' 4.787" उ
73	वी-94	भौन	78° 20' 25.913" पू	30° 4' 18.903" उ
74	वी-95	नीलकंथ	78° 20' 27.800" पू	30° 4' 52.419" उ
75	वी-96	टोली	78° 20' 34.569" पू	30° 5' 7.422" उ
76	वी-97	पुनदरासु	78° 20' 6.237" पू	30° 5' 14.812" उ
77	वी-98	अमसौर	78° 21' 1.671" पू	30° 5' 43.671" उ
78	वी-99	मनीकोट	78° 20' 56.135" पू	30° 5' 59.870" उ
79	वी-100	भदासी	78° 21' 9.695" पू	30° 5' 48.876" उ
80	वी-101	मोरल	78° 21' 19.736" पू	30° 5' 34.878" उ
81	वी-102	सिमलखेत	78° 22' 24.855" पू	30° 6' 2.069" उ
82	वी-103	रत्तापानी	78° 22' 58.537" पू	30° 6' 18.306" उ
83	वी-104	करोन्दी	78° 23' 11.734" पू	30° 5' 55.169" उ
84	वी-105	गुलार छत्ती	78° 23' 1.785" पू	30° 5' 33.607" उ
85	वी-106	सेरमाला	78° 25' 53.304" पू	30° 5' 9.375" उ
86	वी-107	मंजिलगांव	78° 27' 17.765" पू	30° 4' 34.133" उ
87	वी-108	सिरासु	78° 25' 52.226" पू	30° 6' 35.960" उ
88	वी-109	पुलानी	78° 24' 52.999" पू	30° 6' 53.480" उ
89	वी-110	कोटा	78° 24' 44.928" पू	30° 7' 22.587" उ
90	वी-111	भाटिया	78° 25' 9.550" पू	30° 8' 32.927" उ
91	वी-112	तैल	78° 24' 30.857" पू	30° 8' 55.500" उ

92	वी-113	फुलारी	78° 23' 57.206" पू	30° 7' 8.772" उ
93	वी-114	धुनारगांव	78° 23' 21.543" पू	30° 7' 10.482" उ
94	वी-115	फुल छत्ती	78° 22' 45.700" पू	30° 6' 53.787" उ
95	वी-116	पटना	78° 21' 55.586" पू	30° 6' 39.694" उ
96	वी-117	हलदोगी	78° 21' 31.082" पू	30° 6' 30.356" उ

उपाबंध – V

पारिस्थितिकी संवेदी जोन की निगरानी समिति — की - गई - कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट का प्रपत्र

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत को एक पृथक उपाबंध में प्रस्तुत करें ।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की स्थिति ।
4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निबटाए गए मामलों का सार। विवरण उपाबंध के रुप में संलग्न करें।
5. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें ।
6. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FORESTS AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 21st May, 2018

S.O.2031(E).—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the Public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110 003, or send it to the e-mail address of the Ministry at: - esz-mef@nic.in

Draft Notification

WHEREAS, Rajaji National Park is located in the Northern part of the country, lies between Latitudes 29º 51' N to 30º15' N and Longitudes 77º52' E to 77º22' E. The National Park is an excellent representative of the Shiwaliks ecosystem. Its history of the scientific conservation is among oldest in the country. Rajaji National Park is situated in three districts of Uttarakhand *viz*; Dehradun, Pouri Garhwal and Haridwar in the Shiwaliks mountain range which runs parallel to and in the south of Himalayas. Recognizing the urgency and need to protect and conserve the Shiwaliks hills

and rich biodiversity of the region, three existing Sanctuaries viz, "Rajaji National Park" in the Year 1983 vide U.P. Government notification No. 5440/XIV-3-84/76 dated 12.8.1983. Rajaji National Park spread over an area of **819.54 sq. kms** and lies between latitude 29º51'N-30º15'N and Longitude 77º 52'E-77º22E. The area of Rajaji National Park falls in three districts of Uttarakhand i.e. Dehradun, Haridwar and Pauri Garhwal. Rajaji National Park has been finally notified vide Uttarakhand Government's Notification No. 3807/X-2-2013-19(7)2002 dated, 14 September 2013.

